**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

**प्रेस-नोट**

**दिनांक- 13.09.2024**

**विषय:- बैग छीन कर भागने वाले 02 अभियुक्तगण थाना आदमपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार, छीना गया बैग बरामद तथा एक अभियुक्त रोहित कुमार के कब्जे से अवैध 01 तमन्चा व 01 जिन्दा कारतूस .315 बरामद ।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक आदमपुर के नेतृत्व में में थाना आदमपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 133/2024, धारा- 309(4), बीएनएस थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित 02 अभियुक्तगण 1. प्रकाश पाण्डेय पुत्र त्रद्धानन्द पाण्डेय निवासी ग्राम तारापुर टिकरी थाना चितईपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 26 वर्ष 2. रोहित कुमार उर्फ लड्डू पुत्र घनश्याम कुमार निवासी ए 36/56 कज्जाकपुरा थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 22 वर्ष को मौलाना शहीद कब्रिस्तान जलालीपुरा थाना-क्षेत्र आदमपुर के पास दिनांक- 13.09.2024 को गिरफ्तार किया गया तथा एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर व एक अदद अवैध जिंदा कारतूस .315 बोर अभियुक्त रोहित कुमार उर्फ लड्डू उपरोक्त के कब्जे से बरामद किया गया, जिसके सम्बन्ध मे थाना आदमपुर पर मु0अ0सं0- 134/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत पंजीकृत किया गया है। उपरोक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना आदमपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**सम्बन्धित अभियोग-**

1. मु0अ0सं0- 133/2024, धारा- 309(4), बीएनएस, थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 134/2024, धारा- 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**घटना का विवरण-** दिनांक 10.09.2024 समय 13.00 बजे कुछ अज्ञात व्यक्तियो द्वारा वादी मो0 सगीर पुत्र अब्दुल हमीद निवासी ए 17/44 पठानी टोला थाना आदमपुर वाराणसी से उसका बैग जिसमे बैक से सम्बन्धित कागजात थे को छीन लेने के सम्बन्ध में।

**विवरण पूछताछ-** अभियुक्त प्रकाश पाण्डेय पुत्र त्रद्धानन्द पाण्डेय निवासी ग्राम तारापुर टिकरी थाना चितईपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 26 वर्ष ने बताया कि वह नगर निगम में काम करता है व अभियुक्त रोहित कुमार उर्फ लड्डू पुत्र घनश्याम कुमार निवासी ए 36/56 कज्जाकपुरा थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 22 वर्ष ने बताया कि वह टैक्सी कार चलाता है। परन्तु अधिक पैंसा कमाने के चक्कर में लूट आदि घटनाएं साथ मिलकर करने लगे। इसी क्रम में दिनांक 10.09.2024 समय 13.00 बजे हम लोगो द्वारा सलेमपुरा में एक व्यक्ति से बैंग छीना था हमे लगा था कि बैग में पैसे होंगे परन्तु उसमें मात्र कुछ कागजात थे।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>**

1. प्रकाश पाण्डेय पुत्र ऋद्धानन्द पाण्डेय निवासी ग्राम तारापुर टिकरी थाना चितईपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 26 वर्ष।
2. रोहित कुमार उर्फ लड्डू पुत्र घनश्याम कुमार निवासी ए 36/56 कज्जाकपुरा थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 22 वर्ष।

**<u>बरामदगी का विवरण-</u>** अभियुक्त प्रकाश पाण्डेय उपरोक्त के कब्जे से घटना मे लूटा गया बैंग जिसमें बैंक से सम्बन्धित कागजात थे व अभियुक्त रोहित कुमार उर्फ लड्डू उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद तमन्चा व 01 चक्र जिन्दा कारतूस .315 बोर।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. प्र0नि0 वीरेन्द्र कुमार सोनकर प्रभारी निरीक्षक आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी
2. उ0नि0 विजय कुमार सिंह चौकी प्रभारी मच्छोदरी थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी
3. उ0नि0 प्रशिक्षु रविशंकर राय थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी
4. हे0का0 राजीव यादव थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी
5. हे0का0 सुखनन्दन पाण्डेय थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी
6. का0 अशोक कुमार राजभर थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी
7. का0 श्यामस्वरूप थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**